Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	13th August 2018

NBT नवभारत टाइम्स

तीज की तैयारी पूरी, हाथों में लगी मेहंदी

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव:** बाजारों में तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाजार में कहीं मेहंदी तो कहीं घेवर की दुकान पर भीड़ देखने को मिली। पतंग की दुकानों पर बच्चे भी पेच लड़ाते दिखे। तीज को लेकर वीकेंड पर कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। तीज और रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर रविवार को सुशांत लोक फेज-1 स्थित बी-ब्लॉक में एग्जिबिशन लगाई गई। इसमें 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इस दौरान लोगों ने डिजाइनर कपड़े, जूलरी, पेंटिंग, घर सजाने के सामान की खूब खरीदारी की। यहां महिलाओं को लुभाने के लिए साड़ियों, चूड़ियों, मेहंदी, जूलरी, डिजाइनर कुर्ते, राखियां के स्टॉल्स और झूले लगाए गए।

■ बाजारों में बढ़ी भीड़, कपड़े और जूलरी की खरीदारी

तीज के लिए सदर बाजार में मेहंदी लगवाती युवतियां -फोटो योगेश

तीज राखी मेले का आयोजन

सेक्टर-49 वाटिका सिटी में तीज-राखी मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए। सावन के सुहाने मौसम में सांस्कृतिक त्योहार तीज-राखी मेले ने लोगों को आकर्षित किया। मेले में महिलाएं सज-धज कर सुंदर परिधानों में नजर आईं। सभी ने स्टॉल्स का लुत्फ उठाया।

मेहंदी की रही डिमांड

तीज को लेकर बाजारों में मेहंदी लगाने वालों की काफी डिमांड रही। इसमें राजस्थानी मेहंदी के साथ अरेबिक, ब्लैक, गोल्ड और सिल्वर मेहंदी ने महिलाओं को आकर्षित किया है। तीज पर मेहंदी लगाने वाले कारीगरों ने रविवार को शहर के सदर बाजार, सेक्टर-14 मार्केट, सेक्टर-4 मार्केट के साथ ही सेक्टर-22, 23 में दुकानदारों ने छोटी बड़ी दुकानें अलग से लगाईं। सदर बाजार के मेहंदी लगाने वाले विशाल ने बताया कि तीज में मेहंदी के रेट कई गुना बढ़ जाते हैं। इस समय मेहंदी की काफी डिमांड होती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं मेहंदी लगवाना पसंद करती हैं। वहीं, कई महिलाओं ने मेहंदी के लिए एडवांस बुकिंग करवाई हुई थी।

Publication	Human India
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	08
Date	13th August 2018

हिन्दी दैनिक ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज़

एनवाइरो ने किया तीज-राखी मेले का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

गुरुग्राम। हर-हर महादेव की पवित्र गूंज के बीच में वाटिका ग्रुप के प्रबंधन संस्थान एनवायरो द्वारा गुरुग्राम सथित सेक्टर-49 वाटिका सिटी में तीज-राखी मेले का आयोजन किया गया इसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाये गये सावन के सुहाने मौसम में एनवायरो द्वारा सांस्कृतिक त्यौहार तीज-राखी मेले ने गुरुग्राम वासियों को अपनी ओर आकर्षित किया मेले में महिलाएं सज धज कर सुन्दर साडीयो में नज़र आई सभी लोगो ने अन्य प्रकार के स्टाल्स का लुफ़्त उठाया मुंह में पानी लाने वाले चटपटे,तीख़े-मीठे लज़ीज पकवान, बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौने भी आयोजित थे। साड़ियों और कई अन्य खास स्टॉल, रंगबिरंगी चूडियां, मेहंदी, ज्वैलरी, डिज़ाइनर कुर्ते, राखियां और तीज में विशेष महत्व रखने वाला झूला महिलाओं संग सभी वर्ग को लुभाने के लिये लगायें गये । साथ ही, झुमने और मदमस्त होने के लिये नृत्यांगना,गीत-गानों की भी व्यवस्था की गयी थी। वटिका सिटी के निवासी नेहा ने कहा मैं इस तीज और राखी मेले के आयोजन के लिए एनवीरो की आभारी हूं इसके ज़रिए जिसने मुझे अपने परिवार के साथ कुछ अच्छा समय बिताने को मिला। तीज मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है पर मेरे जॉब की वजह से मई इसके लिए कुछ ख़ास तयारी नही क्र पाई थी लेकिन अब मैं बहुत खुश हूं कि इस मेले के माध्यम से मैं तीज के लिए व्यवस्था करने में सक्षम रहूंगी।

नवभारत टाइम्स
गुड़गांव

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/preparation-of-teej-is-complete-handsome-hands/articleshow/65378070.cms

तीज की तैयारी पूरी, हाथों में लगी मेहंदी

-बाजारों में बढ़ी भीड़, कपड़े और जूलरी की खूब हुई खरीदारी

-तीज और रक्षाबंधन को लेकर लगाई एग्जिबिशन

एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

बाजारों में तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाजार में कहीं मेहंदी तो कहीं घेवर की दुकान पर भीड़ देखने को मिली। पतंग की दुकानों पर बच्चे भी पेच लड़ाते दिखे। तीज को लेकर वीकेंड पर कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। तीज और रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर रविवार को सुशांत लोक फेज-1 स्थित बी-ब्लॉक में एग्जिबिशन लगाई गई। इसमें 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इस दौरान लोगों ने डिजाइनर कपड़े, जूलरी, पेंटिंग, घर सजाने के सामान की खूब खरीदारी की। यहां महिलाओं को लुभाने के लिए साड़ियों, चूड़ियों, मेहंदी, जूलरी, डिजाइनर कुर्ते, राखियां के स्टॉल्स और झूले लगाए गए।

मेहंदी की रही डिमांड

तीज को लेकर बाजारों में मेहंदी लगाने वालों की काफी डिमांड रही। इसमें राजस्थानी मेहंदी के साथ अरेबिक, ब्लैक, गोल्ड और सिल्वर मेहंदी ने महिलाओं को आकर्षित किया है। तीज पर मेहंदी लगाने वाले कारीगरों ने रविवार को शहर के सदर बाजार, सेक्टर-14 मार्केट, सेक्टर-4 मार्केट के साथ ही सेक्टर-22, 23 में दुकानदारों ने छोटी बड़ी दुकानें अलग से लगाईं। सदर बाजार के मेहंदी लगाने वाले विशाल ने बताया कि तीज में मेहंदी के रेट कई गुना बढ़ जाते हैं। इस समय मेहंदी की काफी डिमांड होती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं मेहंदी लगवाना पसंद करती हैं। वहीं, कई महिलाओं ने मेहंदी के लिए एडवांस बुकिंग करवाई हुई थी।

तीज राखी मेले का आयोजन

सेक्टर-49 वाटिका सिटी में तीज-राखी मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए। सावन के सुहाने मौसम में सांस्कृतिक त्योहार तीज-राखी मेले ने लोगों को आकर्षित किया। मेले में महिलाएं सज-धज कर सुंदर परिधानों में नजर आईं। सभी ने स्टॉल्स का लुत्फ उठाया।